टेलिफोन/Telephone: +91-22-25990609
: +91-22-25550155
फॅक्स /Fax : +91-22-25562344

नियामक भवन / NIYAMAK BHAVAN
अणुशक्तिनगर / ANUSHAKTINAGAR
मुंबई / MUMBAI - 400 094

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद
ATOMIC ENERGY REGULATORY BOARD

डॉ. ए. यू. सोनावणे
प्रमुख, नियामक मामले एवं
संचार निदेशालय

Dr. A. U. Sonawane
Head, Directorate of Regulatory
Affairs & Communications

Ref: AERB/DRA&C/2020/ **July 22, 2020**

प्रेस विज्ञप्ति

गुजरात के काकरापर स्थित प्रथम 700 MWe दाबित भारी पानी रिएक्टर को प्राप्त हुई क्रिटकैलिटि !

काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र, यूनिट -3 (केएपीपी-3), भारत का प्रथम 700 MWe दाबित भारी पानी रिएक्टर (PHWR) जिसमें नवीन विशेषताएं हैं, ने 22 जुलाई 2020 को लगभग 0936 बजे क्रिटकैलिटि हासिल की। केएपीपी-3 गुजरात के काकरापार स्थल पर स्थित है, जहां पहले से ही दो 220 MWe PHWRs (केएपीपी-1 एवं केएपीपी-2) प्रचालन में हैं और एक अन्य 700 MWe PHWR (केएपीपी-4) निर्माण के उन्नत चरण में है |

परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) ने नियामक आवश्यकताओं के संतोषजनक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संरक्षा पहलुओं की संपूर्ण संरक्षा समीक्षा की है और 17 जुलाई, 2020 को केएपीपी-3 की 'फ़र्स्ट अप्रोच टू क्रिटकैलिटी' के लिए अनुमति प्रदान की है।

कोविड-19 महामारी के कारण मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए घर से काम करने, कार्यालय से आंशिक रूप से काम करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा चर्चा और बैठक के माध्यम से संरक्षा समीक्षा की गई। इस क्रिटकैलिटि को काकरापार साइट पर पदस्थ एईआरबी की ऑब्जर्वर टीम द्वारा और केएपीपी-3 नियंत्रण कक्ष से लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से मुख्यालय के एईआरबी विशेषज्ञों द्वारा प्रत्यक्ष देखा गया।

(---Sd---)

(ए. यू. सोनवणे)